केन्द्रीय विद्यालय, पूर्वोत्तर सीमा रेल, रंगिया

राजभाषा हिन्दी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित बैठक का कार्यवृत

दिनांक - 13/04/2023 को प्राचार्य की अध्यक्षता में विद्यालय राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सभी सदस्यों की उपस्थिति में इसकी पहली बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में हिन्दी के अत्यधिक प्रयोग तथा प्रसार हेतु विचार-विमर्श के पश्चात निम्न बिन्दुओं के क्रियान्वयन पर सहमति बनी –

1. विद्यालय में राजभाषा कार्यान्वयन के संबंध में जाँच बिंदुओं का निर्धारण किया जाए।
2. विद्यालय का नाम राजपत्र में अधिसूचित करवाने हेतु कार्यालय द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जाए।
3. समस्त कर्मचारियों द्वारा आपसी तथा विद्यार्थियों से वार्तालाप एवं विचार-विमर्श का माध्यम हिन्दी अथवा अंग्रेजी अपनाई जाए।
4. प्रयोग में आने वाले कार्यालयी पत्रों तथा मोहरों का द्विभाषी रूप में निर्माण।
5. कार्यालय आदेश पंजिका, अध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थिति पंजिका व कार्यालय की अन्य पंजिकाओं पर नाम द्विभाषी रूप में अंकित किए जाए, जिसमें हिन्दी पहले और अँग्रेजी भाषा में बाद में।
6. कार्यालय तथा कर्मचारियों द्वारा पत्राचार एवं विविध सूचनाओं में हिन्दी भाषा के अधिकाधिक प्रयोग का प्रयत्न किया जाए। हिन्दी में प्राप्त पत्रों का उत्तर अनिवार्य रूप से हिन्दी में दिया जाए।
7. हिन्दी पत्रों के आगमन-निर्गमन का समुचित रिकार्ड अलग रजिस्टर में दर्ज की जाए।
8. पत्रों पर टिप्पण कार्य अधिकाधिक (कम-से-कम 30%) हिन्दी भाषा में किया जाए।
9. सभी संगणकों में यूनिकोड स्थापित करके द्विभाषी रूप से कार्य करने योग्य बनाया जाए तथा कर्मचारियों द्वारा इनका अधिकाधिक प्रयोग किया जाए।
10. विद्यालय वेबसाइट द्विभाषी रूप से कार्यरत हो तथा सूचनाओं को अद्यतन किया जाए।
11. सेवा पुस्तिकाओं में प्रविष्टियां हिन्दी में करने का प्रयत्न किया जाए।
12. पुस्तकों की खरीद तथा विज्ञापनों पर कुल निर्धारित राशि का 50% हिन्दी भाषा पर व्यय किया जाए।

अंत में प्राचार्य द्वारा हिन्दी की अधिकाधिक प्रयोग के आह्वान तथा प्रभारी के धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात बैठक समाप्त हुई।

13/4/23

प्रभारी
ब्रजेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
स्नातकोत्तर शिक्षक (हिन्दी)

अध्यक्ष
श्री पुरूषोत्तम सिन्हा
प्राचार्य

सदस्य :-	हस्ताक्षर
1. सुश्री तरन्नुम शेख़	-
2. श्री अतुल शर्मा	-
3. श्रीमती चयनिका शर्मा	-
4. श्री राहुल शर्मा	-
5. श्री दिलीप दास	-
6. श्रीमती आशा कुमारी	-